Delhi Metropolitan Education
Affiliated to GGSIP University, New Delhi & Approved by Bar Council of India

प्रेस विज्ञप्ति

# ICAN3 अधिक अकादमिक विचार-विमर्श करने के वादे के साथ समाप्त हुआ

Ref no: 024/ICAN3/20 Date:-June 30, 2020

डीएमई मीडिया स्कूल द्वारा आयोजित दुनिया के पहले 10-दिवसीय डिजिटल लाइव अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-ICAN3 के अंतिम दिन kay समापन समारोह में देश दुनिया से प्रख्यात शिक्षाविदों और मीडिया विशेषज्ञों ने शिरकत की।

विशेष अतिथि डॉ नकुल पाराशर, निदेशक, विज्ञान प्रसार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार ने इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन के लिए सभी को बधाई दी। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा, "डिजिटल शिक्षा नया भविष्य है और विज्ञान प्रसार किसी भी सहयोग के लिए हमेशा तैयार है"।

डॉ विक्रांत किशोर, पाठ्यक्रम निदेशक - फ़िल्म, टेलीविज़न और एनीमेशन, स्कूल ऑफ़ कम्युनिकेशंस एंड क्रिएटिव आर्ट्स, कला और शिक्षा संकाय, डीकन विश्वविद्यालय, मेलबॉर्न, ऑस्ट्रेलिया; श्री अकरम हक, संस्थापक संपादक, द पॉलिसी टाइम्स, नई दिल्ली; डॉ जोया चक्रवर्ती, प्रमुख, संचार और पत्रकारिता विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय, असम; डॉ असद निज़ाम, उप निदेशक, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रोडक्शन सेंटर (ईएमपीसी), इग्नू समापन समारोह में मौजूद थे।

प्रो डॉ उज्जवल के चौधरी, प्रो-वाइस-चांसलर और डीन, स्कूल ऑफ़ मीडिया, संचार और फैशन, एडमास यूनिवर्सिटी, कोलकाता ने इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा, "इस तरह के आयोजन शिक्षा के क्षेत्र के लिए बहुत लाभकारी है।

प्रो चौधरी ने कहा, "अब फिजिटल टीचिंग, यानी फिजिकल प्लस डिजिटल प्रयोग करने का समय आ गया है और ICAN ने इसके भविष्य की नींव रख दी है।”

श्री अकरम हक ने इस आयोजन की सराहना की और कहा, "जिस तरह से लोगों को खुद को व्यक्त करने का मौका दिया  गया, वह सराहनीय है और मैं ICAN3 का मीडिया पार्टनर बनकर बेहद खुश हूं।"

डॉ अम्बरीष सक्सेना, डीन, डीएमई मीडिया स्कूल और आयोजन सचिव, ICAN3 ने आयोजन को सफल बनाने में शामिल सभी Bhagidaaro का आभार व्यक्त किया। डॉ सुस्मिता बाला, प्रमुख डीएमई मीडिया स्कूल और संयोजक, ICAN3 ने सभी को उनके प्रयासों और समर्पण के लिए बधाई दी और भविष्य में इस तरह के और अधिक शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन का वादा किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डीएमई मीडिया स्कूल को बधाई देते हुए, डीएमई, नोएडा के वाइस चेयरमैन, श्री  अमन साहनी ने कहा, "जब गंभीर प्रयास किया जाता हैं, तो उसके नतीजे  भी  अच्छे आते हैं"।

माननीय श्री  भंवर सिंह, महानिदेशक, डीएमई, नोएडा ने 10-दिवसीय कार्यक्रम की सराहना की और कहा, "बहुत सारे प्रासंगिक विषयों को कवर किया गया है। उन्होंने नकली समाचारों और इसे सुलझाने के मुद्दों पर अपनी रुचि व्यक्त की  और  कहा  की  आगे भी इस  पर चर्चा  होनी  चाहिए।

प्रो (डॉ) रविकांत स्वामी, निदेशक, डीएमई, ने टिप्पणी की कि ई-प्लेटफ़ॉर्म में सभी प्रतिभागियों को समानता देने की क्षमता है, "किसी को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने घर को छोड़ने की ज़रूरत नहीं है  और हर कोई एक ही मंच पर  हो  सकते    हैं  । "

ICAN3 के बारे में दर्शकों को जानकारी देने के लिए, DME मीडिया स्कूल के शिक्षकों द्वारा 14 तकनीकी सत्रों, 3 मास्टर  क्लास, 3 परिचर्चा, 3 प्लेनरी सत्र और 2 विशेष सत्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का समापन डीएमई मीडिया स्कूल की सहायक प्रोफेसर सुश्री मनमीत कौर के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

समापन समारोह के अंत में DME मीडिया स्कूल के छात्रों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। शुभश्री घोष, मोनिका धारीवाल, टीयारा त्रिपाठी, चंचल धारीवाल, और करण मल्होत्रा ने अपने ऊर्जावान नृत्य प्रदर्शनों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नितिन भारद्वाज, धवल सरीन और शिफा अंसारी ने अपनी मधुर आवाज़ों से समां बांध दिया। सिद्धार्थ कुकरेजा ने पत्रकारों के जीवन पर COVID-19 के प्रभाव पर एक शानदार माइम प्रस्तुत किया। मानवी श्रीवास्तव द्वारा सोलो डांस की  प्रस्तुति  की  गई।  ।

चंचल धारीवाल, हिमांशी घनघानी, अमन चावला, मानवी श्रीवास्तव, साक्षी बक्शी, सौम्या भास्कर, सिद्धांत पांडे, इशिका शर्मा और तनुज बजाज ने क्वारंटाइन थीम पर फैशन वॉक की प्रस्तुति की।

***For more content***

ICAN3 FACEBOOK: https://www.facebook.com/ican.dme/

ICAN3 INSTAGRAM: https://www.instagram.com/ican.dme/

ICAN3 LINKEDIN: https://www.linkedin.com/in/ican3-international-conference/

ICAN3YOUTUBE: https://www.youtube.com/playlist?list=PL5MVGfr9PYkha3hiCoDIBg9qr6p85CkrA

ICAN3 WEB: https://dme.ac.in/media-school/ican3-2020/

**Contact Person**

Mohd Kamil

Assistant Professor

DME Media School

+91-9026058885